# आइआइएम के विद्यार्थियों ने किया रश-ए-थॉन




सामाजिक मुद्दों पर जागरूक के लिए निकाला गया रश-ए-थॉन.

**लाइफ रिपोर्टर @ रांची**

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आइआइएम) के विद्यार्थियों ने विभिन्न सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए रश-ए-थॉन का आयोजन किया. इस रश-ए-थॉन का आयोजन यूएनजीसी-पीआरएमइ व दीपशिखा के सहयोग पांच किलोमीटर की इस दौड़ को आइआइएम के निदेशक डॉ दीपक कुमार श्रीवास्तव, दीपशिखा की प्राचार्या गोपिका आनंद, कार्यकारी निदेशक सुधा लहिला, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की क्षेत्रीय प्रमुख सोनालिका ने संयुक्त रूप झंडी दिखा कर किया. कुल 500 प्रतिभागियों में 250 से अधिक प्रतिभागियों ने दौड़ पूरी की. इनमें शीर्ष दो पुरुष व दो महिला को स्मार्ट वॉच देकर सम्मानित किया गया. शीर्ष 75 प्रतिभागियों को खेल सामग्री, परिधान आदि देकर सम्मानित किया गया.

Prabhat Khabar, 10.03.2023, Pg. 06